भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 16/2024
दिनॉक : 2 फरवरी, 2024

विषयः 9वीं अफ्रीका स्काउट जम्बूरी

महोदय/महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि एसोसिएशन डेस स्काउट्स डू बुरूंडी, बुंगेरे राष्ट्रीय स्काउट कैम्प गिटेगा, बुरूंडी में अफ्रीका स्काउट जम्बूरी की मेजबानी करने जा रहा है। अफ्रीका स्काउट जम्बूरी, अफ्रीका स्काउट क्षेत्र द्वारा आयोजित बड़ी और निरन्तर होने वाला कार्यक्रम है। 9वीं अफ्रीका स्काउट जम्बूरी का अनुभव युवाओं को अधिक लोगों को एक साथ जोड़ने, सामुदायिक गतिविधियों में शामिल होने और समृद्ध बुरूंडी संस्कृति का पता लगाने में प्रतिभागियों को सक्षम बनाने में मदद की जाएगी। जम्बूरी विवरण निम्नानुसार दिया गया हैः

कार्यक्रम का नाम	:	**9वीं** अफ्रीका **स्काउट जम्बूरी**
तिथि	:	**02 से 11 अगस्त, 2024**
आगमन	:	युवा प्रतिभागी 02 अगस्त, 2024 अन्तर्राष्ट्रीय सेवा दल (आईएसटी) 30 जुलाई, 2024
प्रस्थान तिथि	:	11 अगस्त, 2024
जम्बूरी विषय	:	**सुरक्षित अनुभव, नए अनुभव**
स्थान		बुंगेरे राष्ट्रीय स्काउट कैम्प गिटेगा,
कार्यक्रम	:	**त्सौ–मा–लाई फार्म, ताइनान, ताइवान की प्राचीन राजधानी**
योग्यता	:	युवा (स्काउट्स एवं गाइड्स) जिनकी उम्र जम्बूरी के समय 12 से 17 वर्ष हो। **यूनिट लीडर** को अनुपात 9:1 के साथ 09 स्काउट्स के साथ जाने की अनुमति है **(अर्थात 09 स्काउट्स या 09 गाइड्स के साथ केवल 01 वयस्क लीडर आवेदन करनेके लिए पात्र है)** वह अंग्रेजी में संवाद करने में सक्षम और उसके पास वैध पासपोर्ट होना चाहिए। जिनकी आयु 18 वर्ष या 25 वर्ष से अधिक है, वह अन्तर्राष्ट्रीय सेवा दल **(IST)** या स्वयंसेवी कर्मचारी के रूप में भाग ले सकते हैं। **कृपया ध्यान दें:** प्रतिभागियों का अनुपात 9:1:1 है अर्थात एक यूनिट लीडर एवं एक आईएसटी 09 स्काउट्स/गाइड्स होंगे। युवा प्रतिभागी के बिना वयस्क आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी वयस्क प्रतिभागियों को पंजीकरण के समय पर सुरक्षित WOSM ई–लर्निंग पूर्ण कर लेनी चाहिए।
स्काउट/गाइड कल्याण निधि में सहयोग	:	रु. 5000/– गैर–वापसी योग्य (यदि चयनित हो) अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के तहत निम्नलिखित लिंक के माध्यम से प्रेषित किया जाना है। https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=2784356
जम्बूरी शुल्क		**युवा एवं वयस्क लीडर्स** **USD 150-00 प्रत्येक व्यक्ति अर्थात INR =14000/- +C.A. कुल 17,000/–** रूपये **कॉशन मनी एवं पंजीकरण** शुल्क प्रत्येक व्यक्ति 17,000 रूपये जमा/पे–इन–स्लिप

	:	स्कैन की फोटोकॉपी स्थानांतरण को प्रमाणित करने के लिए आवेदन पत्र के साथ भेजनी होगी।
क्या ले जाना है	:	कैम्प के दौरान–स्लीपिंग बैग, तम्बू, गर्म कपड़े, प्रसाधन सामग्री, चम्मच, कप, प्लेट, खेल सामग्री एवं स्काउट आदि को साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।
कार्यक्रम	:	कार्यक्रम में प्रमुख अफ्रीका गांव का विकास, वौज्म पहल, सांस्कृतिक गतिविधियां, खेलकूद, बुरूंडी गतिविधियों एवं इंटरैक्टिव क्षणों का पता लगाना है और जम्बूरी में गतिविधियों एवं विशेष आयोजनों की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल है।
हवाई किराया एवं वीज़ा	:	राष्ट्रीय मुख्यालय से चयनित होने के पश्चात प्रतिभागी अपने आने–जाने के लिए हवाई टिकट बुक करने के लिए स्वतंत्र हैं। वीज़ा देना अफ्रीकस दूतावास के विवेक पर निर्भर करता है। यदि किसी भी कारण से वीज़ा रद्द कर दिया जाता है तो भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय जिम्मेदार नहीं होगा है। इसलिए, कोई भी अधिकार स्वीकार नहीं किया जाएगा। हवाई किराया एवं वीजा के सम्बन्ध में चयनित पत्र जारी होने के पश्चात सूचित किया जाएगा।
पंजीकरण अंतिम तिथि	:	**चूंकि कोटा सीमित है,** वरीयता **"पहले आएं पहले पाएं"** के आधार पर होगी, राज्य संघों द्वारा विधिवत अनुशंसित आवेदन वैध पासपोर्ट की फोटोकॉपी एवं जमा राशि/पे–इन–स्लिप प्रतिलिपि के साथ **20/02/2024** को या उससे पूर्व राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में पहुंच जाना चाहिए।

राज्य संघों से अनुरोध है कि इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के नाम अनुपात 9:1 में अग्रेषित करें अर्थात **(09 स्काउट्स एवं 09 गाइड्स के साथ 01 यूनिट लीडर आवेदन करने के लिए पात्र है) युवा प्रतिभागियों के बिना, केवल यूनिट लीडर और आईएसटी आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** आवेदन पत्र, कॉशन मनी, जम्बूरी पंजीकरण शुल्क एवं वैध पासपोर्ट फोटो के साथ राष्ट्रीय मुख्यालय को पात्रता मानदंड के अनुसार आवेदन अग्रेषित करें ताकि राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में **20/02/2024** तक पहुंच सके और विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सधन्यवाद

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट
(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)

प्रतिलिपिः

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. निदेशक, डी.ए.वी.
6. सभी जिला सचिव, जिला संस्था दम्मम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब।